

राशिद खान की भी रही कप्तानी पारी

## किलर से योगी हुए मिलर, तलवार की तरह चलाया था बल्ला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पुणे। डेविड मिलर के तूफानी अर्धशतक के बूते खराब शुरुआत के बावजूद गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपरकिंग्स को तीन विकेट से हराया। सुपरकिंग्स के 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस ने 16 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे, लेकिन डेविड मिलर ने 51 गेंद में आठ चौकों और छह छक्कों की मदद से नाबाद 94 रन की पारी खेली। मैदान पर ऐसी खतरनाक बल्लेबाजी के बाद अब मिलर सोशल मीडिया पर शांति की अपील कर रहे हैं। पांचवें नंबर पर आकर छह छक्के और आठ चौके लगाने वाले मिलर अपने निकनेम श्किलरश की तरह खेले। बेदर्दी से गेंदबाजों की धुनाई करने के बाद सोशल मीडिया पर उन्होंने एक तस्वीर पोस्ट की। जिम में एक्सरसाइज के दौरान वह ध्यान की मुद्रा में नजर आ रहे हैं। कैप्शन लिखा, शांति रखें और खेल जारी रखें। लक्ष्य का पीछा करने उतरे टाइटंस की शुरुआत खराब रही और टीम ने 16 रन के स्कोर तक ही तीन विकेट गंवा दिए। रिद्धिमान साहा (11) की कोशिशें भी नकाम रहीं। यहां से मिलर ने धीरे-धीरे रंग जमाना शुरू किया। मिलर ने सिर्फ 28 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। टाइटंस के रनों का शतक 15वें ओवर में पूरा हुआ। मिलर ने इस बीच जॉर्डन पर दो चौके और ब्रावो पर छक्का मारा। टीम को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 62 रन की जरूरत थी। मिलर ने कप्तान राशिद खान (21 गेंद में 40 रन, दो चौके, तीन छक्के) के साथ छठे विकेट के लिए 70 रन की तूफानी साझेदारी की, जिससे टीम ने एक गेंद शेष रहते सात विकेट पर 170 रन बनाकर जीत दर्ज की।

# आइपीएल में सीएसके की स्थिति अब तक तो ठीक नहीं

क्रिकेट

## जडेजा ने बताया, गुजरात की टीम के खिलाफ क्यों मिली हार कहां रह गई कमी




**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आइपीएल 2022 में चेन्नई सुपर किंग्स की स्थिति अब तक तो ठीक नहीं है। इस टीम ने अब तक खेले 6 मैचों में से एक मैच में जीत दर्ज की है और 2 अंक के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। सीएसके ने गुजरात के खिलाफ होने वाले मुकाबले यानी अपने पांचवें लीग मैच में जीत दर्ज की थी और लगा था कि टीम ने वापसी कर ली है, लेकिन हार्दिक की टीम के सामने जडेजा की इस बार नहीं चली और उन्हें तीन विकेट से हार मिली। ये सीएसके की पांचवीं हार थी और किस कारण से गुजरात से उन्हें हारना पड़ा इसके बारे में कप्तान रवींद्र जडेजा ने बताया।

मैच के बाद रवींद्र जडेजा ने कहा कि हमने अच्छी शुरुआत की थी। गेंदबाजी इकाई के रूप में हमारे पहले छह ओवर काफी अच्छे थे, लेकिन डेविड मिलर को श्रेय जाता है क्योंकि उसने अच्छे क्रिकेट शाट खेले। जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे तो गेंद रुककर आ रही थी जिससे हमने सोचा कि 169 रन पर्याप्त होंगे। उन्होंने कहा कि लेकिन अंतिम पांच ओवर में हम अपनी योजनाओं को सही तरीके से लागू नहीं कर पाए। क्रिस जार्डन अनुभवी गेंदबाज है इसलिए हमने 20वें ओवर में उसके साथ जाने का फैसला किया। वह चार या पांच यार्कर फेंक सकता है, लेकिन दुर्भाग्य से गुजरात के खिलाफ वो ऐसा नहीं कर पाए।

आपको बता दें कि इस मैच में सीएसके ने पहले खेलते हुए रितुराज गायकवाड़ के 73 रन और फिर अंबाती रायुडू के 46 रन की पारी के दम पर 20 ओवर में 5 विकेट पर 169 रन का स्कोर खड़ा किया और गुजरात को जीत के लिए 170 का लक्ष्य दिया। इसके बाद गुजरात ने एक वक्त पर 87 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे, लेकिन डेविड मिलर ने नाबाद 94 रन की पारी खेलकर सीएसके की जीत की उम्मीदों को झटका दे दिया। इस मैच में हार्दिक पांड्या की जगह राशिद खान ने कप्तानी की थी।

# रवि शास्त्री कर मानना है कि मुंबई का यह खिलाड़ी स्वाभाविक नेतृत्वकर्ता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। श्रेयस अय्यर आइपीएल 2022 में कोलकाता नाइट राइडर्स टीम की कप्तानी कर रहे हैं और बतौर कप्तान वो अपना प्रभाव छोड़ने में सफल रहे हैं। अब उनकी कप्तानी को लेकर टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने अपनी राय रखी है और उनकी जमकर तारीफ की है। रवि शास्त्री कर मानना है कि मुंबई का यह खिलाड़ी स्वाभाविक नेतृत्वकर्ता है। श्रेयस को आइपीएल 2022 से पहले केकेआर का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दी गई थी। उनकी कप्तानी में टीम ने तीन मैचों में जीत हासिल की है जबकि इतने ही मैचों में उन्हें हार का सामना भी करना पड़ा।

रवि शास्त्री ने दावा किया कि




जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा श्रेयस कप्तान के तौर पर और बेहतर होते जाएंगे। शास्त्री ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा कि कप्तानी श्रेयस अय्यर के लिए स्वाभाविक चीज है। उनकी आक्रामक कप्तानी को देखें, आपको लगेगा ही नहीं कि वह पहली बार केकेआर का नेतृत्व कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि वह उनके पिछले तीन या चार सत्र टीम का नेतृत्व कर रहे है और यह बात उनके विचारों की स्पष्टता में दिखाई देती है। उनके दिमाग में यह बात साफ है कि उन्हें एक बल्लेबाज के रूप में किस तरह की क्रिकेट खेलने की जरूरत है। साथ ही, उन्हें पता है कि एक कप्तान के रूप में उन्हें अपनी टीम को प्लेआफ में पहुंचाना और फिर खिताब जिताना है।

शास्त्री ने कहा कि मैच से पहले और बाद के संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने जिस तरह से बात की है, वह मुझे पसंद आया और इससे पता चलता है कि वह योजना को लेकर बिल्कुल स्पष्ट है। मुझे विश्वास है कि कप्तान के तौर पर वह एक लंबा सफर तय करेंगे। वहीं वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर इयान बिशप ने भी इस मुद्दे पर शास्त्री का समर्थन किया। बिशप ने कप्तान के तौर पर श्रेयस का समर्थन किया।

## इंग्लैंड में इस भारतीय ने जमाया दोहरा शतक, फालोआन खेल रही टीम को बचाया हार से

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग में एक तरफ ज्यादातर भारतीय खिलाड़ी अपनी फटाफट क्रिकेट से लोगों का दिल जीत रहे हैं वहीं सात समंदर पार टेस्ट में एक दिग्गज अपना लोहा मनवा रहा है। भारतीय टेस्ट टीम से बाहर हुए चेतेश्वर पुजारा टीम में वापसी करने के लिए फार्म की तलाश में हैं। इसी क्रम में इंग्लैंड की काउंटी चैंपियनशिप में उन्होंने सीजन का पहला दोहरा शतक जमाया। कमाल यह की उन्होंने यह पहले ही मैच में बनाया और वो भी तब जब टीम फालोआन खेल रही थी। काउंटी चैंपियनशिप में ससेक्स टीम के साथ करार कर डेब्यू मैच खेल रहे पुजारा ने धमाकेदार आगाज किया। पहले मैच की पहली पारी में वह भले ही सस्ते में आउट हो गए थे लेकिन इसके बाद जब टीम को उनकी जरूरत थी तो दमदार नाबाद दोहरा शतक लगाते हुए मैच को बचाया। अपनी पुरानी काउंटी टीम डर्बीशायर के खिलाफ खेलते हुए मैच में उन्होंने कुल 207 रन बनाए। पहली पारी में डर्बीशायर ने 8 विकेट पर 505 रन बनाकर पारी घोषित की थी।

## न्यूज डायरी :




## कोरोना के साये में दिल्ली कैपिटल्स की पूरी टीम, अब खिलाड़ी निकला पॉजिटिव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में कोरोना वायरस की सेंधमारी हो चुकी है। पहले दिल्ली कैपिटल्स के फिजियो पैट्रिक फरहार्ट कोरोना संक्रमित पाए गए थे। अब एक खिलाड़ी की रैपिड टेस्ट भी पॉजिटिव आने की खबर मिल रही है। प्लेयर का नाम सामने नहीं आ पाया है। टीम को अगला मैच पुणे में पंजाब किंग्स के खिलाफ 20 अप्रैल को खेलना था। मुंबई से पुणे के लिए आज टीम रवाना होती, लेकिन यात्रा टाल दी गई है। पूरी टीम होटल में क्वारंटीन है। सभी खिलाड़ियों का बारी-बारी से दो दिन तक कोरोना टेस्ट होगा, इसके बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। समझा जाता है कि ऑस्ट्रेलिया के एक हरफनमौला खिलाड़ी में बीमारी के कुछ लक्षण दिखे, जिसके बाद रैपिड एंटीजन जांच का नतीजा पॉजिटिव आया। बीसीसीआई के सूत्र ने सोमवार को बताया, 'दिल्ली कैपिटल्स को आज पुणे की यात्रा करनी थी, लेकिन दल के सभी सदस्यों को अपने-अपने कमरे में ही रुकने के लिए कहा गया है।

## केएल राहुल के करियर का काला धब्बा, जिसे वो कभी याद नहीं रखना चाहेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट के सुपरस्टार केएल राहुल का आज जन्मदिन है। दाएं हाथ का यह बल्लेबाज आज अपना 30वां जन्मदिन मना रहा है। 18 अप्रैल 1992 को बेंगलुरु में जन्में राहुल ने 2010 में अपना करियर शुरू किया। बीते 12 साल में राहुल ने वो हर जिम्मेदारी निभाई, जिसकी टीम को उनसे अपेक्षा थी। एक्सपर्ट उनमें भारतीय क्रिकेट का अगला कप्तान देख रहे हैं। हालांकि एक वक्त ऐसा भी आया था जब उनका करियर खतरे में था। बीसीसीआई ने बैन तक लगा दिया था। साल 2019 में कॉफी विद करन शो पर महिलाओं को लेकर किए गए अभद्र कमेंट्स के बाद केएल राहुल और हार्दिक पंड्या को सस्पेंड कर दिया गया था। इस निलंबन को बाद में हटा लिया गया। दोनों को 4 सप्ताह के अंदर अर्द्धसैनिक बलों के 10 शहीद कांस्टेबलों की विधवाओं को 1-1 लाख रुपये देने कहा गया था। साथ ही 10-10 लाख रुपया क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड को भी देना पड़ा था।

## इधर मैच खेल रहे थे कार्लोस ब्रैथवेट, उधर चोरी हो गई कार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। लगातार चार छक्के लगाकर वेस्टइंडीज को 2016 टी-20 वर्ल्ड कप दिलाने वाले कार्लोस ब्रैथवेट के साथ बहुत बुरा हुआ। 33 वर्षीय ऑलराउंडर ने बर्मिंघम डिस्ट्रिक्ट प्रीमियर लीग में डेब्यू किया और अपने पहले ही मैच में पहली गेंद पर आउट हो गए। बाद में उसी दिन उनकी कार भी चोरी हो गई। इसकी जानकारी खुद ब्रैथवेट ने ट्वीट कर दी। कार्लोस ब्रैथवेट ने ट्वीट कर बताया कि उनके लिए बीता दिन काफी खराब गुजरा। चोटिल होने के चलते वह लंबे समय से क्रिकेट के मैदान से दूर हैं। 6 महीने के बाद पहली बार वे गेंदबाजी करने के लिए उतरे। उन्होंने ट्वीट में लिखा, लेकिन क्या आप जानते हैं, आज सुबह उठा, सूरज चमक रहा है और धन्यवाद दे रहा है। इसका मतलब कि वह अभी भी मोटिवेटेड हैं। कभी फॉर्म तो कभी इंजरी की वजह से परेशान रहने वाले कार्लोस ब्रैथवेट ने वेस्टइंडीज के लिए 3 टेस्ट, 44 वनडे और 41 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं।

## चार साल बाद होगा आइपीएल में क्लोजिंग सेरेमनी का कार्यक्रम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के फैंस के लिए बीसीसीआई इस बार बड़ी खुशखबरी लेकर आई है। दरअसल चार साल के लंबे इंतजार के बाद फैंस को आइपीएल में किसी तरह की सेरेमनी देखने को मिलेगी। बीसीसीआइ ने इसके लिए एक टेंडर जारी किया है। इस सीजन क्लोजिंग सेरेमनी को भव्य तरीके से करने की पूरी तैयारी की जा चुकी है और इसके लिए बीसीसीआइ ने बोली आमंत्रित की है। बोर्ड सचिव जय शाह की तरफ से जारी विज्ञप्ति के अनुसार 25 अप्रैल तक इसके लिए आवेदन किया जा सकेगा। इसमें शामिल होने वाली कंपनियां बीसीसीआइ को मेल के जरिए सूचना दे सकती है।